सांसो की माला पे

सांसो की माला पे जो तू साईं नाम पिरोले बन्दे,
रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

ग्यारा वचन पड़ कर ग्यारा बार साईं नाम जो बोले बंदे ,
उस मानव पर साईं रहमत के भंगारे खोले बंदे ,
रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

साईं का अनुयाई बन कर छोड़ दे धन दोलत का दोर,
रुखी सुखी खा पानी पी चैन की नींद सो ले बंदे,
रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

कोई भी शत्रु न रहे तेरा फिर इस धरती पर,
प्रेम के वीज तू अपने दिल की भागियाँ में वो ले बंदे,
रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

साईं जी के नाम का साबुन धो देता है मन का मैल
तन का मैल धो लिया तूने मन का मैल भी धो ले बंदे,
रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

देखो वो भक्तो की टोली शिरडी जाने वाली है,
शरधा है तो टिकेट कटा ले और उनके संग हो ले बंदे,

रग रग तेरी नस नस तेरी साईं साईं बोले बंदे,

Source:
https://www.bharattemples.com/sanso-ki-mala-pe-jo-tu-sai-naam-pirole-bande/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw